हरिभूमि
# मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 11 जनवरी 2024

04 दिन में होगा पतंग, डोर और तिल-गुड़ का वितरण...



07 राममय हुआ माहौलः अयोध्या से आष्टा...





विकसित भारत संकल्प यात्रा : शासन की योजनाओं के लाभ से वंचित व्यक्ति लाभ जरूर लें

## संकल्प यात्रा के माध्यम से सरकार की योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचूरेशन लाया जा रहा : कलेक्टर

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर-मालवा

जिले के ऐसे जरूरतमंद और पात्र नागरिक, जो किन्हीं कारणों से शासन की योजनाओं के हितलाभ से वंचित रह गए हैं, उन तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए विकसित भारत संकल्प यात्रा निकाली जा रही। जिन योजनाओं के लाभ से आप वंचित है, उसका लाभ जरूर लें। यह बात कलेक्टर राघवेंद्र सिंह ने बुधवार को पुरानी कृषि उपज मंडी आगर में यात्रा अंतर्गत आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए उपस्थित नागरिकों से कही। कलेक्टर ने कहा कि यात्रा के माध्यम से भारत सरकार की योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचूरेशन लाने का कार्य किया जा रहा है, विभागों द्वारा अपने से संबंधित योजनाओं के स्टॉल लगाकर पात्र व्यक्तियों को लाभान्वित करने के लिए आवेदन भरे जा रहे हैं।

### लाड़ली बहना राशि अंतरण कार्यक्रम का देखा प्रसारण देखा

शिविर में नागरिकों ने उत्साह पूर्वक बढ़-चढ़कर भाग लिया। इस अवसर पर प्रधानमंत्री के विकसित एवं आत्मनिर्भर भारत के संदेश का प्रसारण देखा गया। मेरी कहानी मेरी जुबानी के माध्यम से हितग्राहियों ने शासन की योजनाओं का लाभ प्राप्त करने के बाद जीवन में आए बदलाव एवं उन्नति के बारे में अपने




अनुभव साझा किए। शिविर स्थल पर मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना अंतर्गत मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव द्वारा लाडली बहनों के खाते में अंतरित मासिक किस्त के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण भी लाडली बहनों सहित उपस्थित सभी ने देखा और सुना। कलेक्टर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के साथ-साथ स्वास्थ्य विभाग द्वारा स्वास्थ्य शिविर लगाया गया है, आप सभी अपना स्वास्थ्य परीक्षण जरूर करवाये, यदि कोई बीमारी है, तो उसका ईलाज भी जिला अस्पताल में करवाये। उन्होंने विश्वकर्मा योजना की जानकारी देते हुए कार्यक्रम एवं शिल्पकारों से योजना अंतर्गत पंजीयन करवाकर लाभ लेने का आह्वान भी किया शिविर को मंचासीन जनप्रतिनिधि कैलाश काका, अशोक प्रजापति, प्रकाश गवली, मनीष सोलंकी, हरीश श्रीवास्तव, अजय मारू बर्डिया, मनीष सोलंकी, जगदीश गवली ने सम्बोधित कर विकसित भारत संकल्प यात्रा का मुख्य उद्देश्य पर प्रकाश डालते हुए शासन की योजनाओं का सभी पात्र व्यक्तियों से आगे आकर लाभ लेने का आव्हान किया। साथ ही कहा कि आज 10 तारीख को लाडली बहना योजना की राशि भी महिलाओं के खाते में मुख्यमंत्री द्वारा अंतरित की गई, लाडली बहने अन्य योजनाओं का भी पात्रता अनुसार लाभ लेकर स्वयं को सशक्त बनाएं।

### भारत को वर्ष 2047 तक विकसित व आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प लिया

सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत कौर ने कहा कि विकसित भारत संकल्प यात्रा के शिविर में सभी विभाग के स्टाल लगे हैं, आप संबंधित स्टाल पर अधिकारियों से चर्चा कर यदि लाभ से वंचित है तो लाभ जरूर लें। उपस्थित जनों को वर्ष 2047 तक भारत को विकसित एवं आत्मनिर्भर बनाने का संकल्प दिलाया गया तथा अतिथियों द्वारा शासन की योजनाओं में हितलाभ का वितरण किया गया। उपस्थितजनों का स्वागत एवं आभार पीओडूडा पवन कुमार फुलफकीर द्वारा माना गया। इस अवसर पर एसडीएम आगर सत्येन्द्र बैरवा, एसडीएम सुसनेर मीलिन्द ढोके, डिप्टी कलेक्टर मनीषा कौल, जनप्रतिनिधिगण, आम नागरिक एवं लाड़ली बहने उपस्थित रहीं। विकसित भारत संकल्प यात्रा अंतर्गत बुधवार को नगरीय निकाय आगर अन्तर्गत दोपहर पश्चात छावनी झंडा चौक पर जनकल्याणकारी शिविर आयोजित किया गया इस अवसर पर जिलाध्यक्ष चिन्तामण राठौर, मनीष सोलंकी, जगदीश गवली, अशोक प्रजापत, मयंक राजपूत व अन्य जनप्रतिनिधिगण उपस्थित रहे, जिन्होंने भारत सरकार की प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना, प्रधानमंत्री आवास योजना, आयुष्मान भारत योजना सहित अन्य जनहितैषी योजनाओं की जानकारी देकर उपस्थित जनों से लाभ लेने का आह्वान किया तथा पात्र हितग्राही को हितलाभ का वितरण किया।



## कार्रवाई : यातायात में बाधक बने अतिक्रमण को किया जमींदोज

### मौके पर वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी रहे मौजूद



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर के प्रमुख मार्ग एवं चौराहों पर अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा किए गए अतिक्रमण को प्रशासन द्वारा सख्ती के साथ कार्रवाई को अंजाम देते हुए जेसीबी मशीनों के माध्यम से मुख्य सड़क पर 10 से 15 फीट तक किए गए अतिक्रमण को हटाया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में नागरिक इस कार्रवाई को देखने के लिए मौजूद थे। नगर में बढ़ते अतिक्रमण से जहां यातायात अवरुद्ध हो रहा था वहीं प्रतिदिन प्रमुख मार्ग पर जाम की स्थिति निर्मित हो रही थी। अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अपनी दुकानों के आगे 10 से 15 फीट तक अतिक्रमण कर अस्थाई शेड लगा रखे थे। वहीं दुकानों के आगे भी सामान जमा कर यातायात को अवरुद्ध किया जा रहा था।

नगर परिषद द्वारा अतिक्रमणकर्ताओं से अपने अतिक्रमण हटाए जाने की मुनादी कई दिनों पूर्व करवाए जाने के बाद भी अतिक्रमणकर्ताओं ने अतिक्रमण को नहीं हटाया गया। इसके बाद मंगलवार रात्रि को पुनः नगर परिषद द्वारा नगर में अतिक्रमण हटाने की मुनादी करवाई गई, बुधवार से अतिक्रमण हटाए जाने की कार्रवाई की सूचना दी गई। बुधवार को एसडीएम सुसनेर-नलखेड़ा मिलिंद ढोके, तहसीलदार प्रीति भिंसे, मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र वत्स के साथ राजस्व विभाग, पुलिस विभाग तथा नगर परिषद के कर्मचारियों द्वारा अतिक्रमण पर हथौड़ा चलाते हुए लखुंदर नदी से अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई प्रारंभ की गई।

प्रशासनिक टीम द्वारा अस्पताल चौराहा, भैंसोदा रोड चौराहा, शिवाजी चौराहा के साथ इस मार्ग पर जेसीबी के माध्यम से दुकानों के आगे किए गए अतिक्रमण को हटाकर मुख्य सड़क मार्ग को चौड़ा किया। वहीं इस दौरान कुछ अतिक्रमणकर्ताओं द्वारा अपने-अपने अतिक्रमण को तोड़फोड़ की कार्यवाही से बचने के लिए खुद के द्वारा ही हटाया गया। अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई के दौरान सैकड़ो की संख्या में नागरिक भी कार्यवाही स्थल पर मौजूद दिखाई दिए। कार्रवाई के दौरान एसडीएम मिलिंद ढोके स्वयं ऑटो रिक्शा चला रहे थे साथ तहसीलदार व अन्य अधिकारी बैठें थे। जिनके द्वारा लाउडस्पीकर्स के माध्यम से अतिक्रमण हटाने की सूचना लगातार की जा रही थी।

ज्ञात रहे की लखुंदर नदी से मां बगलामुखी मार्ग तक बढ़ते अतिक्रमण से माता मंदिर आने वाले भक्तों को परेशानियों का सामना प्रतिदिन करना पड़ रहा था। क्योंकि इस मार्ग पर प्रतिदिन जाम की स्थिति निर्मित रहती है। इसी के साथ इस मार्ग पर बड़ी संख्या में हाथ ठेले वाले भी अपना व्यवसाय करने से यातायात अवरोध बना हुआ रहता है। नागरिकों द्वारा कई बार नगर में बढ़ते अतिक्रमण को हटाए जाने की मांग अधिकारियों से की जाती रही है।

**कार्रवाई जारी रहेगी**

अतिक्रमण हटाने की कार्रवाई सतत जारी रहेगी।

**मिलिंद ढोके**, एसडीएम, सुसनेर-नलखेड़ा

## भक्ति यदि दिल में है तो ईश्वर को आना ही पड़ता है : संत गोविंद जाने

### कुशलपुरा में कलश यात्रा के साथ श्रीराम कथा का हुआ शुभारंभ



**नलखेड़ा।** ईश्वर की भक्ति में वह शक्ति होती है कि भक्त के हर दुःख संकट को दूर कर देती है। ईश्वर के प्रति विश्वास और आस्था होती है तभी हम उनकी आज्ञा का पालन कर अपने में जीवन में हर क्रिया करते हैं। उक्त उद्गार ग्राम कुशलपुरा में श्रीरामकथा के प्रथम दिवस मालव माटी के संत गोविंद जाने ने उपस्थित श्रद्धालु भक्तों के समक्ष व्यक्त किए। संतश्री ने कहा कि भक्ति यदि दिल में है तो ईश्वर को आना ही पड़ता है। भक्ति की शक्ति से ईश्वर भी भक्त के अधीन हो जाते हैं। इसीलिए हमें संपूर्ण समर्पण भाव के साथ ईश्वर की भक्ति करना चाहिए।



कथा में संत गोविंद जाने के मुखारविंद से मालवी भाषा में श्रीराम के चरण से जोड़ने वाली मन भावना रसीली कथा सुनाई गई एवं संत ने बताया कि माता-पिता एवं गुरु की नजर में सदैव रहना जो उनकी नजर में रहता है वह शत्रु की नजर में कितना भी चढ़ जाए उसका बाल भी बांका नहीं होता है तथा श्री तुलसीदास जी के जीवन में सद्गुरु का रोल निभाया श्री हनुमान जी महाराज ने नृत्य करने पर करुणा की कथा में श्रोताओं को रुला देने पर मजबूर कर दिया।

तहसील के ग्राम कुशलपुरा में सात दिवसीय श्रीराम कथा का शुभारंभ मंगलवार से हुआ। मालव माटी के संत गोविंद जाने सात दिवस तक अपने मुखारविंद से श्रद्धालुओं को कथा का रसपान कराएंगे। राम कथा के पूर्व ग्राम में कलश यात्रा निकाली गई। जिसमें यजमान सिर पर भागवत ग्रंथ लेकर चल रहे थे राम नाम की गंगा बहाने संत गोविंद जाने का जब ग्राम में प्रवेश हुए तो जय सियाराम के नारों से पूरा गांव गूंज उठा। गांव में पुष्प वर्षा कर उनका स्वागत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में श्रोता गण उपस्थित रहे। कथा के विश्राम पर यजमान द्वारा व्यास गादी की आरती की गई। भक्तों को प्रसादी का वितरण किया गया।

## मेरा भारत विकसित भारत थीम पर जिला स्तरीय भाषण स्पर्धा आयोजित

### प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पाने वाले करेंगे राज्य स्तरीय स्पर्धा में प्रतिनिधित्व

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

मेरा भारत विकसित भारत विषय पर जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन हुआ, जिसमें पूजा जैन ने प्रथम स्थान प्राप्त कर राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए अपना चयन किया। अब वह राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में जिले का प्रतिनिधित्व करेगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मंशानुरूप युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार अंतर्गत नेहरू युवा केन्द्र संगठन नई दिल्ली के निर्देशनुसार नेहरू युवा केन्द्र जिला-शाजापुर द्वारा जिला आगर मालवा में बुधवार को शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय में एक दिवसीय जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि शासकीय उत्कृष्ट उमा विद्यालय प्राचार्या डॉ. शाहना कुरैशी एवं विशेष अतिथि शरद बंसल उपस्थित रहे।

युवा मंडल के युवा सदस्य यश जाट एवं विकास पाटीदार ने उपस्थित अतिथियों का पुष्पमाला व पुष्पगच्छ भेंट कर स्वागत किया। राष्ट्रीय युवा कोर स्वयंसेवक श्रवणसिंह तंवर द्वारा केन्द्र द्वारा वर्ष




में आयोजित किए जाने वाले नियमित एवं विशेष कार्यक्रम के बारे मे विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। जिस पर जिले के विभिन्न विद्यालय व महाविद्यालयो से आए 15 से 29 वर्ष के युवाओं ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में भाग लिया और निर्धारित विषय पर अपने विचारों को व्यक्त किया। केन्द्र के जिला युवा अधिकारी सागर वाधवानी ने बताया कि यह प्रतियोगिता देश के सभी जिले मे आयोजित की जा रही है। जिसमें सभी जिले के जिला स्तर से प्रथम पुरस्कार प्राप्त विजेता को राज्य स्तर पर प्रतिभागिता करने का अवसर प्रदान किया जाएगा। और राज्य स्तर पर विजेता युवा प्रतिभागियो को प्रथम पुरस्कार एक लाख रुपए, द्वितीय पुरस्कार पचास हजार, तृतीय व चतुर्थ पुरस्कार पच्चीस-पच्चीस हजार रुपए व प्रमाण पत्र प्रदान किए जाएंगे। जिला स्तर पर प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार पूजा जैन, द्वितीय प्रकृति रणधवल व तृतीय पुरस्कार रूचिका परमार ने प्राप्त किया। विजेता प्रतिभागियों को केंद्र की ओर से शिल्ड व प्रमाण-पत्र देकर पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम की अतिथि डॉ. शाहना कुरैशी ने अपने उद्बोधन में कहा कि युवा देश का भविष्य है और युवाओं को देश की उन्नति की ओर अग्रसर होकर देश के विकास में अपना योगदान देना चाहिए। जिला स्तरीय भाषण प्रतियोगिता के दौरान निर्णायक के रूप मे शासकीय उत्कृष्ट उ.मा विद्यालय वरिष्ठ शिक्षक दिलीप कुम्भकार, वरिष्ठ शिक्षिका हेमलता उमट एवं डॉ. अश्विनी चौहान उपस्थित थे।

## श्रीराम कथा चरितों पर आधारित वनवासी लीला नाट्यों का मंचन 13 से 15 जनवरी तक होगा

**नलखेड़ा।** जनजातीय लोककलां एवं बोली विकास अकादमी मध्यप्रदेश द्वारा रामकथा चरितों पर तैयार वनवासी लीलाओं का मंचन 13 से 15 जनवरी तक नलखेड़ा में किया जाएगा। जिसके अंतर्गत भक्तिमती शबरी, निषादराज गुह और श्री हनुमान लीलाओं का मंचन किया जाएगा। कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह ने श्री रामकथा चरितों पर आधारित वनवासी लीला नाट्यों का मंचन कार्यक्रम के लिए अनुविभागीय अधिकारी सुसनेर-नलखेड़ा मिलिन्द ढ़ोके को नोडल अधिकारी नियुक्त किया है।

## महाविद्यालय में मद्य निषेध पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

सरदार वल्लभभाई पटेल शासकीय महाविद्यालय में शासन के निर्देशानुसार प्राचार्य डॉ जीएल रावल की अध्यक्षता में मद्य निषेध पर जागरुकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बच्चों को नशे की लत के कारण, उसके दुष्परिणाम एवं नशे से बचाव के विभिन्न तरीकों के बारे में विस्तार से बताया गया। साथ ही हर प्रकार के नशे से दूर रहने की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम का संचालन अलमिना कुरैशी ने किया एवं आभार डॉ. सर्वेश व्यास द्वारा माना गया। इस अवसर पर महाविद्यालय स्टाफ एवं बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना पर एक दिवसीय सेमिनार-सह-जागरुकता कार्यक्रम आयोजित

## ‘योजना कारीगरों के हुनर को परखने में कारगर सिद्ध होगी’

हरिभूमि न्यूज ⏭ आगर मालवा

पीएम विश्वकर्मा योजना में कौशल को बढ़ावा देकर कारीगरों के जीवन को और अधिक सशक्त बनाया जाएगा। योजना कारीगरों एवं शिल्पकार के हुनर को परखने एवं प्रोत्साहित करने में कारगर साबित होगी। यह बात मंगलवार को पीएम विश्वकर्मा योजना पर जिला पंचायत के सभाकक्ष में आयोजित सेमिनार-सह-जागरूकता कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सीईओ जिला पंचायत हरसिमरनप्रीत ने कही। सीईओ ने आगे कहा कि योजना के माध्यम से कारीगरों का कौशल उन्नयन होगा तथा वे अपने पारम्पारिक कार्यां को और भी कुशलतापूर्वक कर सकेंगे, जिससे उनके लिए रोजगार के द्वार खुलेंगे तथा अन्य व्यक्तियों को भी रोजगार मिलेगा। सेमीनार में बड़ी संख्या में कारीगर एवं शिल्पकार उपस्थित रहे।

वरिष्ठ सांख्यिकीय अधिकारी एमएसएमई इन्दौर अनुज्ञा हण्डू ने बताया कि




योजना के तहत 18 पारम्परिक ट्रेड में हाथ और औजार से काम करने वाले कारीगर एवं शिल्पकार पात्र होंगे, जिन्हें सरकार की तरफ से 5 प्रतिशत ब्याज की दर से 3 लाख रुपए की धनराशि उपलब्ध करवाई जाएगी, पहले चरण में पात्र व्यक्तियों को एक लाख रुपये का ऋण दिया जाएगा, जबकि दूसरे चरण में 2 लाख रुपये का प्रावधान योजना में है। योजना के तहत सभी पात्र व्यक्तियों को कौशल सत्यापन के बाद 5 दिवसीय बुनियादी प्रशिक्षण तथा 15 दिन या उससे अधिक उन्नत प्रशिक्षण दिया जाएगा। प्रशिक्षण से जुड़े उपकरणों को खरीदने के लिए प्रोत्साहन के रूप में 15,000 रुपये का अनुदान देने की सुविधा भी योजनान्तर्गत है।

कार्यक्रम में ज्वाईंट डायरेक्टर एमएसएमई इन्दौर डीडी गजभिये ने योजना के बारे में विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि योजना के अंतर्गत 18 क्षेत्रों में कार्य करने वाले व्यक्ति इसका लाभ उठा सकते हैं, इनमें राजमिस्त्री, नाई, माली, धोबी, दर्जी, ताला बनाने वाले, बढ़ई, लोहार, सुनार, अस्त्रकार, मूर्तिकार, जूता बनाने वाले कारीगर, नाव निर्माता, टोकरी, चटाई, झाडू बनाने वाला, गुड़िया और खिलौना निर्माता, हथौड़ा और टूलकिट निर्माता, फिशिंग नेट निर्माता भी इस योजना का लाभ उठाने के लिए सीएचसी सेंटर के माध्यम से पीएम विश्वकर्मा योजना पोर्टल पर पंजीकरण कर सकते है। इसके लिए आधार कार्ड, मोबाइल नंबर, बैंक विवरण एवं राशन कार्ड की आवश्यकता होगी। इस योजना का लाभ लेने के लिए 18 वर्ष की आयु पूर्ण होनी चाहिए। स्वरोजगार, व्यवसाय विकास योजनाओं के तहत पिछले 5 वर्ष में किसी भी शासकीय योजना के अंतर्गत ऋण न लिया हो।

योजना के तहत परिवार का एक ही सदस्य पात्र होगा। सरकारी सेवा में कार्यरत व्यक्ति और उनके परिवार के सदस्य योजना के लिए पात्र नहीं होंगे। एलडीएम दिलीप सिंह ने बैंको से ऋण प्राप्त करने की प्रक्रिया से अवगत कराया। कार्यशाला में अतिरिक्त सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र सिंह सेंगर, सहायक प्रबंधक उद्योग विभाग बहादुर सिंह धार्वे, पीओ डूडा पवन फुलफकिर,सभी जनपद सीईओ, प्रबंधक खाद्य ग्रामाद्योग एवं अन्य विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### सुहानी पोरवाल बनी सीए, किया स्वागत



**देवास।** पोरवाल समाज के पूर्व उपाध्यक्ष कैलाश दानगढ़ की सुपुत्री सुहानी दानगढ़ ने प्रथम प्रयास में सी.ए. फाइनल की परीक्षा उत्तीर्ण कर दानगढ़ परिवार के साथ पोरवाल समाज देवास का नाम गौरान्वित किया। पोरवाल को सीए बनने पर प्रदेशाध्यक्ष अशोक पोरवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष महेश गुप्ता, प्रदेश सचिव कमलेश धनोतिया, जिलाध्यक्ष अंकित गुप्ता, जिला महामंत्री नरेश पोरवाल, पूर्व अध्यक्ष कान्हा फरक्या, पोरवाल महासभा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष शिवकुमार संघवी, मोहनलाल मांदलिया, ओमप्रकाश गुप्ता, राधेश्याम धनोतिया, नरेंद्र गुप्ता, पोरवाल युवा संगठन के पीयुष मांदलिया, नितिन मुजावदिया, मुकेश गुप्ता, अमित पोरवाल सहित समाजजनों ने बधाई देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

### चक्रवर्ती बने कार्यवाहक अध्यक्ष, किया स्वागत

**देवास।** भारतीय मजदूर संघ जिला देवास के कार्यवाहक अध्यक्ष बनने पर चक्रवर्ती का स्वागत किया गया। जिला कार्यालय मंत्री भूपेन्द्र कुमार अस्तूरे ने बताया कि संघ उज्जैन-देवास विभाग के विभाग प्रमुख अजय उपाध्याय की अनुशंसा पर देवास में कार्यरत वरिष्ठ श्रमिक नेता व भारतीय बैंक नोट प्रेस मजदूर संघ के कार्यवाहक अध्यक्ष शुभम चक्रवर्ती को जिला देवास का जिला कार्यवाहक अध्यक्ष नियुक्त किया गया।

### हिंद रक्षक संगठन का पतंग महोत्सव व एक शाम राम के नाम 15 को

# दिन में होगा पतंग, डोर और तिल-गुड़ का वितरण, शाम को कवि करेंगे काव्य पाठ

### आयोजन को लेकर आयोजित की प्रेस वार्ता, विधायक पवार ने किया संबोधित

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

हिंद रक्षक संगठन के बैनर तले प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी स्थानीय नावेल्टी चौराहा पर 15 जनवरी मकर संक्रांति पर भव्य पतंग महोत्सव का आयोजन किया जा रहा है। जहां सुबह पतंग, डोर, तिल-गुड़ का वितरण किया जाएगा। वहीं शाम को देश भर के नामी कवि अपनी रचनाओं की प्रस्तुति देंगे। हिंद रक्षक संगठन जिला संयोजक एवं नेता सत्तापक्ष मनीष सेन ने बताया कि आयोजन को लेकर बुधवार को उज्जैन रोड स्थित निजी गार्डन में प्रेसवार्ता का आयोजन किया गया। मुख्य रूप से उपस्थित विधायक गायत्रीराजे पवार ने पत्रकारों को कार्यक्रम की विस्तृत जानकारी देते हुए कहा कि हिंद रक्षक संगठन का पतंग महोत्सव का यह 21 वां वर्ष है। संगठन अपनी परम्परा को कायम रखते हुए हर वर्ष नए-नए आयोजन करती आ रही है।

वर्तमान के आधुनिक युग में पुराने खेल लिप्त होते जा रहे है। जहां पहले के जमाने में बच्चें विविध खेलों से स्वस्थ रहते थे। वहीं आज बच्चों के हाथों में मोबाइल है, जिसका असर बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ता है। इसलिए हमें पुराने खेलों को अपना बच्चों को मोबाइल से दूर रखना चाहिए। संगठन संयोजक सेन ने बताया कि महोत्सव अंतर्गत 15 जनवरी को प्रातः 11 बजे नावेल्टी चौराहा पर बच्चों को पतंग, डोर का वितरण किया जाएगा। वहीं सनातन धर्म की परंपरा अनुसार संक्रांति पर्व पर तिल-गुड़ का वितरण किया जाएगा। इस आयोजन को भव्य बनाने के लिए संगठन द्वारा व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। सेन ने बताया कि गत वर्ष संगठन द्वारा एक शाम भगवा के नाम कार्यक्रम का आयोजन कर शहनाज अख्तर की भजन संध्या आयोजित की गई थी। इस वर्ष अयोध्या में प्रभु श्रीराम आ रहे है, इसी को देखते हुए




15 जनवरी की रात 8 बजे से स्थानीय नावेल्टी चौराहा पर 'एक शाम रात नाम' कवि सम्मेलन का आयोजन भी होगा। जिसमें सरदार प्रताप फौजदार राष्ट्रवादी कवि लाफ्टर चैम्पियन दिल्ली, योगेंद्र शर्मा वीर रस भीलवाड़ा, गौरव चौहान ओजस्वी कवि इटावा उत्तरप्रदेश, दिनेश देशी घी हास्य बम बैरछा, डॉ. भुवन मोहिनी गीत-गजल इंदौर, मुन्ना बैटरी हास्य लाफ्टर चैम्पियन शो मंदसौर, देवकृष्ण व्यास ओजस्वी गीतकार देवास, श्रद्धा शौर्य वीरंगना स्वर नागपुर महाराष्ट्र एवं जगदीश सेन ओजस्वी कवि देवास द्वारा राष्ट्रवाद, हिंदुत्व व राममय रचनाओं की प्रस्तुति दी जाएगी। कवि सम्मेलन का संचालन राष्ट्रीय कवि शशिकांत यादव करेंगे। हिंद रक्षक संगठन के सदस्यों ने सनातनी धर्मप्रेमी जनता से पतंग महोत्सव एवं एक शाम राम के नाम आयोजन को सफल बनाने की अपील की है।

#### अयोध्या में झांकी, मथुरा-काशी बाकी

संगठन के मनीष सेन ने बताया कि पतंग महोत्सव के माध्यम से हर वर्ष संदेश भी दिया जाता है। पूर्व में पतंगों पर स्वच्छ भारत, बेटी बचाओ, बेटी बचाओ, दो गज की दूरी मास्क है जरूरी जैसे स्लोगन प्रसारित किए गए थे। इस वर्ष राम मंदिर निर्माण को देखते हुए पतंगों पर अयोध्या को झांकी, मथुरा-काशी बाकी है का स्लोगन प्रसारित किया जाएगा। उक्त पतंगें आकर्षण का केंद्र रहेगी।

#### हिंदूवादी नेता व संत बालक नाथ आएंगे

संगठन के मनीष सेन ने बताया कि कार्यक्रम को भव्य रूप देने के लिए व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही है। वहीं कार्यक्रम में कई अतिथियों का भी आगमन होगा। कार्यक्रम के लिए राजस्थान के हिंदूवादी नेता व संत बालकनाथ जी महाराज ने देवास आने के लिए स्वीकृति प्रदान की है। इनके अलावा भोपाल हुजूर के हिंदूवादी नेता व विधायक रामेश्वर शर्मा, देवास विधायक गायत्रीराजे पवार, हिंद रक्षक संगठन के राष्ट्रीय संयोजक एकलव्य सिंह गौड़ सहित देवास के कई नेतागण मौजूद होंगे।

# लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा मंडल की हुई बैठक

### मिशन 2024 की हो रही तैयारी



**देवास।** आयोजित हुई बैठक में चुनाव को लेकर दी जानकारी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

भारतीय जनता पार्टी देवास विधानसभा के तीनों मंडलो की आगामी लोकसभा के कार्यक्रमों को लेकर बैठक संपन्न हुई। उक्त जानकारी देते हुऐ मंडल महामंत्री गणेश पटेल व नयन कानुनगो ने बताया कि बैठक में भाजपा जिलाध्यक्ष राजीव खंडेलवाल ने कहा कि हम सब कार्यकर्ता अब मिशन 2024 की तैयारी में पूरे ताकत से लग जाये। प्रत्येक कार्यकर्ताओं को नमो एप डाउनलोड करना और कराना है, 22 जनवरी को अयोध्या में श्रीराम मंदिर की प्राण प्रतिष्ठा के दिन प्रत्येक बूथ पर उत्साह के साथ कार्यक्रमों का आयोजन करना है प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना में सम्मिलित होने वाली 19 जातियों के लोगों का पंजीयन करवाना है एवं मतदाता सूची में नये मतदाताओं को जोड़ने का अभियान चलाना ओर अनेक बिंदुओं पर संगठनात्मक चर्चा की गई। बैठक में विधानसभा संयोजक ओम जोशी, महापौर प्रतिनिधी दुर्गेश अग्रवाल, आई टी जिला संयोजक तनय चौधरी आदि ने भी संबोधित किया।कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला महामंत्री पंकज वर्मा, अल्पसंख्यक मोर्चा प्रदेश मंत्री जुबेर लाला, जिलाध्यक्ष परवेज विनर, जिला कार्यालय मंत्री मनोहर जाधव, मंडल अध्यक्ष सचिन जोशी, विशाल रघुवंषी, अजय पंडित, महामंत्री संतोष पंचोली, राहुल दायमा, पार्षद रितु सावनेर, आलोक साहू, अजय तोमर, प्रतिनिधि निलेष वर्मा, मंडल उपाध्यक्ष मिलिंद सोलंकी, देवेन्द्र नवगोत्री, नवीन सौलंकी, महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष नीतू जाधव, मधु शर्मा, अंकित शर्मा, सहित कई कार्यकर्ता उपस्थित थे।कार्यक्रम का संचालन गणेश पटेल ने किया एवं आभार संतोष पंचोली ने माना। उक्त जानकारी भाजपा जिला मीडिया प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी एवं सह मीडिया प्रभारी कमल अहिरवार ने दी।

# अवैध गतिविधियों के खिलाफ लामबंद हुए व्यापारी, सौंपा ज्ञापन



हरिभूमि न्यूज ⏭ हाटपीपल्या

नगर एवं अंचल में चल रही अवैध गतिविधियों के खिलाफ बुधवार को नगर के व्यापारी लामबन्द हो गए और व्यापारियों ने शहीद भगतसिह चैराहे पर एकत्रित होकर तहसील कार्यालय पहुंचकर मुख्यमंत्री के नाम तहसीलदार को ज्ञापन सौपा। नगर में अवैध रूप से चल रहे आनलाईन सट्टा, जुआ एवं नशीले पदार्थो की बिक्री करने वालो के खिलाफ कड़ी से कड़ी कार्यवाही करने की मांग को लेकर नगर के व्यापारियों, हिन्दु जागरण मंच व प्रबुद्धजनो ने ज्ञापन सौपे है। साथ ही 7 दिन में कार्यवाही नही होने पर आंदोलन की भी चेतावनी दी है। ज्ञापन में बताया गया है कि आनलाईन सट्टे के चक्र में पडकर युवा पीढी बर्बाद हो रही है और घर छोडकर जाना और आत्महत्या जैसे कदम उठा रही है। उक्त आनलाईन सट्टे के चक्र में फंसकर नगर के युवा योगेश अग्रवाल द्वारा आत्महत्या कर ली गई है। उक्त कारोबार करने वाले मुख्य आरोपियों की गिरफ्तारी नही होने से व्यापारियों में आक्रोष है।युवा पीढी के बीच में गांजा, चरस, कोकीन, नशीले इंजेक्शन की भी अवैध रूप से बिक्री हो रही है। स्थानीय स्तर पर शिकायत करने के बाद भी कोई कार्यवाही नही हो रही है।नगर में अवैध रूप से हथियारों की तस्करी होने की भी बात कही गई है। इसी प्रकार हिन्दु जागरण मंच की ओर से सौपे गए ज्ञापन में आनलाईन सट्टे के मुख्य कारोबारी जाकिर पिता अयूब पठान और उसके परिजनों पर कार्यवाही नही करने का आरोप लगाया गया है। नगर में व्याप्त अवैध गतिविधियों में शामिल होने के आरोप लगाकर कडी कार्यवाही करने की मांग की है।

# फूल बंगला सजाकर की खेड़पति सरकार की आरती, भजन संध्या में रात्रि 1 बजे तक डटे रहे श्रोता

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

संस्था सार्थक द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी 9 जनवरी को श्री खेड़ापति सरकार मंदिर पर भव्य फूल बंगला सजाया गया तथा विभिन्न प्रकार के फूलों से श्री खेड़ापति सरकार का मनमोहक श्रृंगार किया गया।

पं. दीपेश कानूनगो ने बताया कि रात्रि 8 बजे बाबा की महाआरती की गई जिसमें पूर्व मंत्री दीपक जोशी, पूर्व विधायक विशाल पटेल विशेष रूप से उपस्थित हुए। महाआरती के पश्चात प्रसादी का वितरण किया गया। भजन संध्या में भजन गायक किशन भगत एवं आकाश अग्रवाल ने बाबा के भजनों की सुमधुर प्रस्तुति दी।

किशन भगत के मुझको तो बस राम राज ही चाहिए.......महाकाल की गुलामी मेरे काम आ गई आदि भजनों पर उपस्थित जन समुदाय कड़कड़ाती ठंड में रात्रि 1 बजे तक झूमते नाचते रहे। आरती में भगवानसिंह चावड़ा, दिलीप परमार, संजय कहार, पं. रितेश त्रिपाठी, सुधीर शर्मा, सिद्धार्थ माहुरकर, संतोष मोदी, अनिल गोस्वामी, चंद्रपालसिंह सोलंकी, जितेन्द्रसिंह गौड़, नरेन्द्र यादव लल्ला, विक्रम पटेल, रमेश व्यास, मनोज पंवार, संजय आचार्य, मनोज सांगते, दिनेश मिश्रा, पं. बंटी शर्मा, राजेश राठौर, विरेन्द्र परदेसी, दीपेश हरोड़े आदि उपस्थित रहे।



# कांग्रेस पार्षदों ने ननि में कचरा ले जाकर किया प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



वार्डो में कचरा गाड़ी नहीं आने पर कांग्रेस पार्षदों ने बुधवार को नगर निगम में कचरा ले जाकर जमकर प्रदर्शन किया। पार्षद एवं नेता प्रतिपक्ष प्रतिनिधि राहुल पवार ने बताया कि एक महीने में करीब 5 बार ही गाड़ी आई है। उसमें भी एक ही व्यक्ति आता है, जिससे कचरा भी गिरता रहता है। इस समस्या को लेकर आज हम कचरा लेकर यहां पर पहुंचे हैं और महापौर जी को अवगत कराया है। कचरा गाड़ी नहीं आने से जहा-जहा कचरा फैला है उस कचरे को लेकर हम सभी पार्षद नगर निगम पहुंचे और नगर निगम महापौर प्रतिनिधि व अधिकारी को कचरा की थैलियां सौंपी। ताकि वह इस ओर ध्यान देते हुए जल्द ही कचरा गाड़ी वार्ड में नियमित भेजें। क्योंकि कचरा गाड़ी का जो शुल्क है वह हर महीने के हिसाब से ही लिया जा रहा है। निगम समय पर कचरा गाडी भेजे या फिर भी कचरा शुल्क माफ करे। इस प्रदर्शन के दौरान कांग्रेस पार्षद दल प्यारे पठान, अनुपम टोप्पो, वसीम हुसैन, डॉ श्याम पटेल, दुष्यंत पांचाल, लोकेश गोस्वामी, जयंत पाठक, हेमंत सहित अन्य साथी उपस्थित थे।

# अमरपुरा में हुआ अक्षत कलश यात्रा का आयोजन





हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

समीप अमरपुरा में बुधवार के दिन ग्रामीणों द्वारा उत्साह के साथ अक्षत कलश यात्रा का आयोजन किया गया। यात्रा श्री राम मंदिर से प्रारंभ हुई जो की ग्राम अमरपुरा के प्रमुख मार्गो से होते हुए गुजरी। इस दौरान पालकी में अक्षत कलश को रखकर पूरे गांव का भ्रमण कराया गया। इस दौरान ग्रामीणों द्वारा कलश का पूजन भी किया गया। वहीं महिलाएं भी सर पर कलश लेकर यात्रा में चल रही थी, पूरा गांव भगवा मय हो गया था। युवा हाथों में श्री राम के भगवा ध्वज लहराते हुए ढोल धमाकों के साथ नाचते गाते हुए चल रहे थे। अक्षत कलश यात्रा के स्वागत में सभी घरों पर महिलाओं द्वारा आंगन में रंगोलिया बनाई गई थी। जगह-जगह पुष्प वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया गया। वहीं गांव के प्रमुख मार्गो से भ्रमण करने के बाद श्री राम मंदिर पर यात्रा का समापन हुआ। जहां पर अक्षत कलश यात्रा के बारे में जानकारी दी गई,इस दौरान सभी ग्रामीणों के सहयोग से भव्य आयोजन किया गया।

### ग्राम पंचायत बेडामऊ और मातमोर में हुआ विकसित भारत यात्रा अंतर्गत आयोजन

# योजनाओं का सीधा लाभ हितग्राही को मिल रहा है: टिकेंद्र प्रताप







हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

पूर्व की सरकारों के कार्यकाल में योजनाएं भ्रष्टाचार की भेंट चढ़ती थी, लेकिन आज भाजपा सरकार के शासनकाल में हितग्राहियों को सीधा लाभ मिल रहा है, साथ ही योजनाओं की राशि हितग्राहियों के खाते में आ रही है। केंद्र सरकार एवं राज्य सरकार द्वारा कई अनेक योजनाएं चलाई जा रही है, जिसमें आम जनता को लाभ मिल रहा है, जल जीवन मिशन के अंतर्गत प्रत्येक गांव तक पानी पहुंचाने का प्रयास, उज्ज्वला योजना अंतर्गत गैस कनेक्शन ,किसान सम्मन निधि जैसी अनेकों योजनाएं चलाई जा रही है। जिससे हितग्राहियों को लाभ मिल रहा है। उक्त बातें ग्राम पंचायत बेड़ामऊ में आयोजित विकसित भारत संकल्प यात्रा कार्यक्रम के दौरान बागली मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह द्वारा कहीं गई। बुधवार के दिन विकसित भारत संकल्प यात्रा ग्राम पंचायत बेड़ामउ में पहुंची जहां पर स्कूल परिसर में कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मंडल अध्यक्ष टिकेन्द्र प्रताप सिंह, सांसद प्रतिनिधि बहादुर सिंह सेंधव ,सरपंच सीमा कन्हैयालाल राजोरिया ,पंचायत सचिव चंद्रहास उपाध्याय, मानसिंह सेंधव , अखिल भारतीय वर्ष यादव महासभा प्रदेश सचिव कमल यादव ,अमित धूलिया, सांसद किशोर गुजराती ,राधेश्याम राठौर, जनपद सदस्य सुरपाल सिंह, कान्हा सेंधव, राहुल शर्मा मुख्य रूप सेउपस्थित मे थे। सर्वप्रथम मां सरस्वती का पूजन कर कार्यक्रम की शुरुआत की गई।

पंचायत की ओर से सभी अतिथियों का स्वागत किया गया। बहादुर सिंह, कमल यादव, अमित धूलिया ने भी संकल्प यात्रा संबंधित आपने विचार व्यक्त किए। इस दौरान शासकीय स्कूल के बच्चों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी गई। जिसमें राम भगवान के गीत पर मुस्लिम समाज की यासीन कुरेशी ने भगवान श्री राम पर आधारित एक प्रस्तुति दी। इस दौरान कृषि विभाग से काशीराम चौहान द्वारा कृषि विभाग की योजना की जानकारी दी गई। साथी उद्यानिकी विभाग से राकेश सोलंकी द्वारा विभाग के माध्यम से संचालित योजना की जानकारी दी गई। साथ ही पशु विभाग से जिला अधिकारी डॉक्टर एस एच चौहान द्वारा पशुपालन एवं पशु विभाग से जुड़ी योजनाओं की जानकारी किसानों को दी गई। वहीं स्वास्थ्य विभाग की ओर से प्रिया चौहान द्वारा स्वास्थ्य विभाग संबंधित जानकारी देते आम जनता को दी गई। इस दौरान महिला बाल विकास विभाग के माध्यम से ग्राम बेड़ामऊ की लाडली लक्ष्मी योजना की पात्र लाड़लियों को स्वीकृति पत्र वितरित किए गए। साथ ही उज्ज्वला योजना अंतर्गत एक गैस कनेक्शन दिया गया। कार्यक्रम का संचालन रवि पाटीदार ने किया एवं आभार अनिता गवली ने व्यक्त किया।

# नवनिर्वाचित सदस्य का सरपंच ने किया स्वागत



हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा

गत दिवस जनपद पंचायत बागली के वार्ड क्रमांक 13 में उपचुनाव संपन्न हुआ। जिसमें नवनिर्वाचित जनपद सदस्य आशीष पाटीदार ने जीत हासिल की। इस दौरान बुधवार के दिन ग्राम पंचायत छतरपुरा की सरपंच निर्मला जवाहर पाटीदार द्वारा नव निर्वाचित सदस्य आशीष पाटीदार का श्रीफल भेंटकर स्वागत किया गया। इस दौरान निर्मला पाटीदार ने कहा की नव निर्वाचित सदस्य के साथ मिलकर गांव का विकास करेंगे, हर संभव प्रयास करेंगे। जिससे कि बेहतर से बेहतर गांव मे विकास कार्य हो और हर योजना का लाभ ग्रामीणों को मिले। इस दौरान जवाहर पाटीदार सहित गांव के वरिष्ठिजन उपस्थित रहे।

## खबर संक्षेप

### मेहतवाड़ा में हर घर पहुंचने लगे अक्षत



**जावर।** अयोध्या में चल रही भगवान की प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण हर घर पहुंचाने का प्रयास संघ व विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ताओं द्वारा हर घर निमंत्रण दिए जा रहे हैं। दूसरे दिन ग्राम मेहतवाड़ा में ग्राम की ही युवा टीम द्वारा घर-घर निमंत्रण दिया जा रहा है प्रत्येक घर जो सनातनी है उनको पीले चावल राम मंदिर का एक चित्र एक राम मंदिर का स्टीकर व मंदिर की पूरी जानकारी हर घर तक दी जा रही है। बताया जा रहा है कि 16 जनवरी से 22 जनवरी तक अयोध्या में भगवान की प्राण प्रतिष्ठा होगी। उस समय से लेकर हमको हमारे गांव को ही अयोध्या बनाना है हर घर दीप जले मंदिरों में साज सज्जा हो और मंदिरों में भजन कीर्तन हवन आदि का कार्यक्रम हो ऐसा प्रयास करें। अपने ही गांव के मंदिर में 7 दिनों तक दर्शन करने जाएं एवं पूजा अर्चना करें। उक्त जानकारी विश्व हिंदू परिषद के जिला मठ मंदिर प्रमुख धीरज सिंह ठाकुर ने दी। इस कार्यक्रम में विशेष रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के कार्यकर्ता एवं गांव की युवा टीम पूरे जोर शोर के साथ लगी हुई है।

### भारतीय किसान संघ की बैठक आयोजित

**आष्टा।** सरकार किसानों की खेती को लाभ का धंधा बनाने के लिए घोषणा तो करती है ,लेकिन इस पर अमल नहीं होता है। वहीं गेहूं का भाव इस साल 2700 रुपए क्विंटल किया जाए। किसानो के बिजली के बिल की समस्या का निदान कराया जाए। किसानों को समय पर ट्रांसफार्मर उपलब्ध कराया जाए।देश के हम भंडार भरेंगे ,लेकिन कीमत पूरी लेंगे ,जब तक दुखी किसान रहेगा,धरती पर तूफान रहेगा। उक्त बातें भारतीय किसान संघ की मासिक बैठक के पश्चात तहसील कार्यालय परिसर में नायब तहसीलदार चंचल जैन को मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन सौंपते समय किसान संघ के पदाधिकारी ने कही।बैठक में भारतीय किसान संघ तहसील के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

### राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर लोगों में दिखाई दे रहे उत्साह और उमंग

# राममय हुआ माहौल: अयोध्या से आष्टा आया रामलला प्राण-प्रतिष्ठा का निमंत्रण





### राधा कृष्ण मंदिर से हनुमान चालीसा का पाठ कर शूरू किया गया अक्षत वितरण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



जिस मंदिर का इंतजार हिंदुओं की कई पीढ़ियां कर रही थीं वो अब बनकर तैयार हो चुका है और भव्य व्यवस्था के साथ 22 जनवरी 2024 को राम लला अयोध्या के नए मंदिर में विराजमान होंगे. इस शुभ कार्यक्रम के लिए पूरे देश में निमंत्रण बांटा जा रहा है. अक्षत और श्रीफल के साथ अयोध्या से निमंत्रण आष्टा भी पहुंचा है।

अक्षत हल्दी निमंत्रण बाटने के लिए महिलाओं से पुरुष, बच्चे भी बड़ी संख्या में शामिल हो रहे हैं। ऐसे में आष्टा शहर वर्तमान में पूर्ण रूप से राममयी दिखाई दे रहा है यहां लोगों में भारी उत्साह और उमंग देखने को मिल रहा है। स्थानियों का कहना है हम सभी हिंदू भाई इस पल का वर्षों से इंतजार कर रहे थे। हमारी कई पीढ़ियां बीत गई, लेकिन आज वो मंगल दिन के हम साक्षी बनने जा रहे हैं। हम सभी बहुत खुश हैं और अपने आप को भाग्यशाली मान रहे हैं कि हमें राम मंदिर काल में जीवन जीने का अवसर प्रभु ने दिया है। काछी पूरा राधा कृष्ण मंदिर से शुरू हुआ अक्षत वितरण कार्यक्रम में विहिप, संघ के पदाधिकारी मौजूद रहे। घर-घर अक्षत वितरण में बच्चों से लेकर बड़े बूढ़े भी इस कार्य में अपना सहयोग कर रहे हैं. यहां तक कि महिलाएं भी घर घर जाकर अक्षत श्री राम की अयोध्या की फोटो वितरण कर रही हैं इस दौरान मंगलवार को शहर के काछीपूरा स्थित राधा कृष्ण मंदिर से हनुमान चालीसा का पाठ कर अक्षत वितरण कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमे विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं स्वयं सेवक संघ के साथ कुशवाह समाज के वरिष्ठ जनों के मार्गदर्शन में रामलला के मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के अक्षत काछीपूरा, शास्त्री कालोनी, राठौड़ मोहल्ला, अहीर मोहल्ले में वितरण कर निमंत्रण दिया गया।

इस दौरान प्रत्येक घर घर जाकर ढोल नगाड़ों के साथ जय श्री राम के जय जयकार कर अक्षत के साथ श्री राम की अयोध्या की फोटो दी जा रही है। विहिप, बजरंग दल के साथ संघ और कुशवाहा समाज के वरिष्ठ मौजूद रहे। काछी पूरा राधा कृष्ण मंदिर से शुरु हुए अक्षत वितरण कार्यक्रम में प्रमुख रूप से कैलाश भोजवानी, पारसमल सिंघी, नगर कार्यवाह गणेश गोलू सोनी, विहिप के चंदर राजपूत, पार्षद विशाल चौरसिया, मनीष धारवा,पटेल मनोज कुशवाहा, कैलाश कुशवाहा, पूर्व पार्षद माखन कुशवाह, प्रकाश कुशवाहा, बलराम कुशवाहा, सुरेश जैन, पवन सैन, संजय कुशवाहा, दुलीचंद कुशवाह, भीमा कुशवाह,ईश्वर मेवाड़ा, गिरिजा कुशवाहा, उमा कुशवाज, गिरजेश कुशवाहा, निर्मला कुशवाहा, उषा कुशवाहा,छन्नू, मिश्रीलाल, अमृतलाल, अनुज, अप्पू सोनी, कीर्तन, घनश्याम सहित कई लोग मोजूद रहे।

# पार्वती नदी के तटों का होगा निर्माण कार्य: रायसिंह मेवाड़ा

### नदी के घाटों की हुई सफाई



**आष्टा।** नगर पालिका प्रतिनिधि ने सफाई कार्य का किया निरीक्षण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा

नगर के नागरिकों को जीवन दायिनी मां पार्वती नदी के माध्यम से ही पेयजल उपलब्ध होता है। ऐसे में मां पार्वती नदी का रखरखाव करना अतिआवश्यक हो जाता है। इन सभी के चलते नगरपालिका द्वारा नगर की जीवन दायिनी मां पार्वती के रखरखाव हेतु जहां साफ-सफाई की गई, वहीं नदी के घाट को व्यवस्थित करने व नदी की सौंदर्यता को बढ़ाने के उद्देश्य से नगरपालिका द्वारा नगर के दोनों घाटों के निर्माण हेतु विस्तृत कार्ययोजना तैयार की गई है। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि आज पार्वती तट स्थित नगरपालिका अधिकारी के तकनीकी अमले के साथ पहुंचकर स्वयं मौजूद रहकर नगरपालिका के सफाई कर्मचारियों द्वारा पार्वती तट की समुचित सफाई की गई, वहीं नदी के दोनों तटों के निर्माण हेतु तकनीकी अधिकारियों से विस्तृत चर्चा की। नपाध्यक्ष प्रतिनिधि रायसिंह मेवाड़ा ने जानकारी देते हुए बताया कि दोनों तटों का निर्माण लगभग 1 करोड़ 14 लाख रूपये की लागत से व्यवस्थित ढंग से होगा। तट के निर्माण होने के बाद नगर की जीवन दायिनी मां पार्वती का स्वरूप अत्यंत ही सुंदर व व्यवस्थित होगा। श्री मेवाड़ा ने बताया कि इसके पूर्व अलीपुर क्षैत्र के मिलने वाले गंदे नाले के पानी की निकासी की समुचित व्यवस्था की गई थी। इस अवसर पर नपाध्यक्ष प्रतिनिधि के साथ पार्षद हिफ्ज्जुरहमान भैया मियां, डॉ. सलीम खान, राजकुमार मालवीय, सहायक यंत्री अनिल धुर्वे, सुभाष सिसौदिया आदि मौजूद थे।


### नपा कार्यालय के सामने बनी दुकानें 1 करोड़ 38 लाख में नीलम, नगर पालिका की बढ़ेगी आय



**आष्टा।** मंगलवार को नपा के बैठक हाल में 5 दुकानों का लेआउट डाल कर उस पर निर्माण कार्य शुरू करने के पहले उक्त बनने वाली पांचों दुकानों को लेने वाले से टेंडर बन्द लिफाफे में बोली आमंत्रित की गई। 5 दुकानों के लिए करीब 47 लोगो ने अधिकतम बोली लिख कर बन्द लिफाफे टेंडर के रूप में 50 हजार की राशि जमा कर अपने अपने लिफाफे नपा में जमा किये थे। सीएमओ राजेश सक्सेना ने कैमरे की आंख के सामने टेंडर खोले गये जिसमे सबसे अधिक राशि उक्त दुकानों के लिये जिन लोगो ने लिखी थी उनके नाम घोषित किये गये। इन दुकानों से किराये के रूप में हर माह जो राशि प्राप्त होगी वो नपा के लिये आय के अतिरिक्त स्त्रोत होंगे।

# पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक कर समाजजनों ने किया दान

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा




श्री पार्श्वनाथ भगवान के जन्म कल्याणक के शुभ दिन मालव गिरनार तीर्थ पर विराजमान मातृ हरदिया साध्वी मेरु कीर्त, की शिष्य रत्ना साध्वी हर्षपूर्णा और साध्वी अध्यात्म हर्षा की निश्रा में श्री पार्श्वनाथ भगवान का अभिषेक ढ़ोल नगाड़ों के साथ किया गया।

अभिषेक का लाभ नगीन कुमार, पुनित कुमार सिंगी परिवार ने लिया। बरास पूजन का लाभ नथमल, ताराचंद रांका परिवार ने लिया। केसर पूजन का लाभ दिलीप कुमार, पुनित संचेती परिवार ने लिया।

पुष्प पूजन का लाभ चांद मल, सुरेशचंद धाड़ीवाल परिवार ने लिया। मुकुट पूजन का लाभ अनिल कुमार, चिंतन श्री श्री माल परिवार ने लिया। आरती का लाभ नथमल ताराचंद रांका परिवार ने लिया। उसके पश्चात श्री पार्श्वनाथ भगवान को चांदी का छत्र चढ़ाया गया। उसका लाभ स्व. चंदनमल कोठारी और स्व राजेश पारख आलोट वालो की स्मृति में सचिन कोठारी और प्रशम पारख आलोट ने लिया। रात को प्रभु भक्ति भी हुई। शाम को मां पार्वती धाम गोशाला में विपिन सिंघवी, रिलेष बोथरा, विपिन बनवट, पंकज डुगरवाल, बंटी मालू आदि ने गो माताओं को हरे घास के पुले और 20 किलो गुड़ खिलाया। साथ ही विपिन सिंघवी को छोटे बच्चों के लिए स्वेटर के 45 नग, योगेश जैन के द्वारा और 20 जोड कपड़े बच्चो के देवानंद भोजवानी की ओर से दिए। जिसको विपिन सिंघवी ,रीलेश बोथरा, पंकज डू गरवाल, विपिन बनवट, राकेश सोनी, गोविंद ब्रह्मभट के द्वारा निर्धन परिवारों के बच्चो को दिए गए।

# विद्यार्थी जीवन एक प्रयोगशाला है जहां अभिव्यक्ति व प्रयोगों से कौशल का विकास किया जा सकता है: डीसी बाहेती

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



छात्र जीवन में विज्ञान के अध्ययन से विद्यार्थियों में अनुशासन, आत्मनिर्भरता,आत्मविश्वास आदी गुणों के सृजन के साथ छात्रों में मानसिक विकास व वैज्ञानिक दृष्टिकोण भी देखने को मिलता है, जिस विद्यार्थी में जितना ज्यादा सीखने व अभिव्यक्त करने की जिज्ञासा होगी वह विद्यार्थी उतना ही सफल होगा, मानव जीवन के विकास में विज्ञान के प्रयोगों की निर्णायक भूमिका रहतीं है। विद्यार्थी जीवन प्रयोगशाला है जहां अभिव्यक्ति एवं नित्य नए प्रयोगों से व्यवस्थित जीवन के कौशल का विकास किया जा सकता है, विद्यार्थियों द्वारा प्रयोग,मॉडल,प्रोजेक्ट को स्वयं के द्वारा तैयार करना रोमांचक एवं सीखने व शोध करने की प्रवृत्ति को जन्म देता है। उक्त विचार सुंदरम कॉलेज जावर में एकदिवसीय विज्ञान विषय पर आयोजित कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित डीसी बाहेती पूर्व प्राचार्य ने व्यक्त किए। कार्यशाला में उपस्थित विद्यार्थियों को अजय मिश्रा उपप्राचार्य सी एम राइस, ने कहा कि इस क्षेत्र में विज्ञान विषय पर कार्यशाला का प्रथम बार आयोजन सुंदरम महाविद्यालय में किया गया है, यह निश्चित तौर पर विद्यार्थियों के जीवन में सफलता हेतु मिल का पत्थर साबित होगी। एवम व्याख्याता सुजाता मालवीया ने भी संबोधित किया। विज्ञान कार्यशाला में विद्यार्थियों द्वारा प्राचार्य हेमा मंजीता के मार्गदर्शन व शिक्षक अतुल शर्मा, आदिति जैन, प्रियंका राजपूत, सतीश मालवीय के नेतृत्व में तैयार किए गए मॉडल, प्रयोगों, प्रोजेक्ट को उपस्थित विशेष विशेषज्ञों के समक्ष विस्तार से समझाते हुए प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का शुभारंभ उपस्थित अतिथियों द्वारा सरस्वती पूजा कर प्रारंभ किया गया तत्पश्चात अतिथियों का स्मृति चिन्ह व श्रीफल से संस्था प्राचार्य व शिक्षकों द्वारा स्वागत सम्मान किया गया,एक दिवसीय विज्ञान कार्यशाला में बीएससी प्रथम,द्वितीय एवं तृतीय वर्ष के समस्त विद्यार्थी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन अतुल शर्मा द्वारा किया गया एवं अंत में आभार डारेक्टर मुकेश पांचाल ने व्यक्त किया।

# सरस्वती विद्या मंदिर में प्रतिभा सम्मान समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर उ.मा.वि. जावर में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ नीता देअरवाल थाना प्रभारी जावर द्वारा किया गया। समिति के व्यवस्थापक बाबूलाल पटेल,उपाध्यक्ष प्रहलाद दास अजमेरा, विजेंद्र सिंह ठाकुर द्वारा मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया।

अतिथियों का परिचय प्राचार्य महेंद्र सोलंकी ने कराया। स्वागत मनीषा भावसार, रानू भरेवा एवं पूजा पांचाल द्वारा किया गया। मुख्य अतिथि थाना प्रभारी ने अपने उद्बोधन में कहा कि सफलता प्राप्त करने के लिए संसाधनों की आवश्यकता नहीं रहती कम संसाधन एवं सुविधा में भी सफलता प्राप्त की जा सकती है। जरूरत है तो सही दिशा में मेहनत करने की। समिति के सचिव बाबूलाल पटेल ने अपने उद्बोधन में कहां की विद्यालय प्रबंधन भैया बहिनों के विकास एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण के लिए निरंतर चिंतन करता है। शीघ्र ही हमारे विद्यालय में स्मार्ट क्लास भी प्रारंभ की जाएगी। पुरस्कार प्राप्त करने वाले भैया बहनों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा अन्य भैया बहिनों को उनसे प्रेरणा लेने हेतु प्रेरित किया कार्यक्रम में परीक्षा में कक्षा में प्रथम आने वाले तथा बस्ता एवं गणवेश प्रतियोगिता में प्रथम आने वाले भैया बहनों को शील्ड एवं प्रमाण पत्र देकर पुरस्कृत किया गया।

इस अवसर पर समिति अध्यक्ष कल्याण सिंह ठाकुर, सह सचिव जीवन सिंह ठाकुर, कोषाध्यक्ष जय नारायण राठौर, बहादुर सिंह ठाकुर, कैलाश सोलंकी, खुमान सिंह ठाकुर, सरोज भावसार, सुनील जैन, संतोष महेश्वरी, आचार्य परिवार में विजेंद्र सिंह, मनोहर लाल शर्मा, संगीता ठाकुर, ममता शर्मा, प्रियंका ठाकुर, संतोष चौहान ,नीलू ठाकुर, अलका शर्मा, सागर सिंह, रितु ठाकुर, बेबी पाटीदार, देवकरण प्रजापति, सुलोचना ठाकुर, रूपम अजमेरा, सुरेंद्र सिंह, गजराज गुर्जर, समीम मंसूरी, कृष्णपाल ठाकुर उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन शोभाल सिंह ठाकुर व आभार सुरेंद्र शर्मा ने किया।

### दिव्यज्योति जाग्रति संस्थान ने किया मासिक सत्संग व ध्यान शिविर का आयोजन

# दैनिक साधना अभ्यास के लाभों से भक्तजनों को कराया परिचित

हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर



दिव्यज्योति जाग्रति संस्थान के श्यामपुर स्थित आश्रम प्रांगण में जनवरी माह के प्रथम रविवार को एक दिवसीय मासिक सतसंग व ध्यान-साधना शिविर के साथ भण्डारा कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस बार के सतसंग आयोजन में भण्डारा प्रसाद व्यवस्था की सेवा श्रीसंजय सिंह भूपेंद्र सिंह (शिक्षा विभाग) कुरावर मण्डी वालों की ओर से की गई। ध्यान-साधना शिविर में शास्त्रोक्त दैनिक साधना अभ्यास के चमत्कारिक लाभों से भक्तजनों को परिचित कराया गया। संगीत कलाकारों द्वारा भजन मेरी झोपड़ी के भाग आज जाग जायेंगे, राम आएंगे.. की गायन प्रस्तुति से संगत में आनन्द व उत्साह का संचार हो उठा।

सतसंग प्रवचन के अंतर्गत परम् पूज्य गुरुदेव आशुतोष महाराज की कृपा से चरण सेवक स्वामी महादेवानन्द ने प्रभुश्रीराम द्वारा समाज को चैतन्य एवं जीवंत कर देने वाले आदर्शों पर सुंदर सतसंग विचार प्रस्तुत किये। भक्तप्रिय यशराज ने स्टेज संचालन की सेवा की। सतसंग प्रवचन के अंतर्गत संगत के समक्ष प्रस्तुत सुंदर विचारों में स्वामीजी ने बताया कि त्रेतायुग की विषम परिस्थितियों को बदलने के लिए जिस अवतारी सत्ता ने जन्म लिया, उन्हें हम मर्यादा पुरुषोत्तम श्रीराम के नाम से जानते हैं । जन-जन का जीवन आदर्शोन्मुखी बने, पारिवारिक जीवन में आदर्श परम्पराएँ चल पड़े, इसके लिए श्रीराम से बड़े लोकनायक और कौन हो सकते हैं । इतिहास बदल रहा है, युग करवट ले रहा है। प्रभु श्रीराम के आदर्शमय सिद्धांत, गुरू वशिष्ठ से प्राप्त नैतिक आदर्शमय जीवन प्रेरित ज्ञानसूत्र, गुरू विश्वामित्र के सानिध्य में रहकर राक्षसों प्रतिकार, धर्म यज्ञ की रक्षा, उनकी रीति और नीति आज के कालिमा से ग्रसित कलियुग में और भी ज्यादा प्रासंगिक हैं। उनके द्वारा आसुरी शक्तियों जैसे खरदूषण, त्रिशिरा, बाली एवं महापराक्रमी रावण जैसे आतातायियों का वध, वर्गहीन समाज की स्थापना, लोकमंगल धर्म की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्य सुंदर समाज रचना के लिए सदैव प्रेरणाप्रद हैं। आसुरी शक्तियों के विनाश के लिए उन्होंने वानर यूथ दल रूपी सशक्त संगठन का निर्माण किया। श्रीकृष्ण ने गुरू रूप में ही द्रौपदी की लाज बचाई थी।

गुरू सत्ता के रूप में ईश्वर जब -जब भी धरा पर अवतार लेते हैं। वे सामान्य जनमानस के बीच रहते हुए नरलीला करते है। जो बहुत ही रहस्यों से भरी है, लेकिन आध्यात्मिक पिपासु शिष्य भक्तजन गुरुकृपा द्वारा ‶दिव्यदृष्टि″ के माध्यम से परिचित हो सकते हैं। गुरु गोरखनाथजी जी के सामर्थ्यवान गुरूदेव श्रीमच्छेन्द्रनाथ जी महाराज भौतिक दृष्टि से लगनेवाली मृतप्रायः सुप्त अवस्था में प्रतीत होते हुए भी वे बारह वर्ष की लंबी अवधि वाली समाधि से अचानक प्रकट हो गए थे । अतः आज भी समाज में इसी सनातन ज्ञान परम्परा से परिचय की आवश्यकता है । दिव्य ज्योति जाग्रति संस्थान के संस्थापक एवं संचालक परम् पूज्य गुरुदेव सर्वश्री आशुतोष महाराज वर्तमान में समाधि की अवस्था में इसी सनातन श्रंखला के प्रयोग हेतु समाधि की उच्च अवस्था में प्रयोगरत हैं। भारतवर्ष व समूचे विश्व में सकारात्मक आध्यात्मिक तरंगों का प्रसारण कर रहे हैं।

जिसे परम पूज्य श्रीगुरूमहाराज कृपा से ईश्वर तत्व के साक्षात्कार पर आधारित बृह्मज्ञान की प्राप्ति कर बिमल बिलोचन द्वारा ध्यान साधना सेवा सतसंग के नियमित अभ्यास से समझा जा सकता है। गोस्वामी तुलसीदास जी ने श्रीरामचरित मानस में स्पष्ट किया गया है। उघरहिं विमल बिलोचन ही के। मिटहिं दोष दुःख भव रजनी के। सूझहिं रामचरित मणि मानिक, गुप्त प्रगट जेहिं जो जेहिं खानिक, कार्यक्रम के अंत में भक्तजनों द्वारा प्रभुश्रीराम जी की पावन आरती की गई। सभी को आगामी 22 जनवरी को आयोध्याधाम में प्रभुश्रीराम जी के प्राण प्रतिष्ठा समारोह के पावन अवसर पर सबको घर-घर में दीप प्रज्वलित करने व दीप मालिकाएं सजाने, टेलीविजन पर प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को देखने, प्रातःकाल प्रभुश्रीराम जी का वंदन-पूजन के लिए प्रेरित किया गया। संस्थान आश्रम की ओर से पधारे सभी श्रद्धालु भक्तजनों का आभार व्यक्त करते हुए स्वामी जी ने सूचित किया कि आश्रम में अगला मासिक सतसंग कार्यक्रम फरवरी माह के प्रथम रविवार अर्थात 4 फरवरी को आयोजित किया जाएगा।

# राम मंदिर प्राण-प्रतिष्ठा कार्यक्रम को लेकर घाटपलासी में बांटे अक्षत



हरिभूमि न्यूज ⏭ श्यामपुर

घाटपलासी में मंगलवार को तीसरे दिन अक्षत चांवल निमंत्रण वितरण समारोह का समापन किया गया। इस अवसर पर पूरे गांव में लगातार सुबह से शाम तक तीन रोज़ तक सभी सनातनी हिन्दू धर्म प्रेमी भक्तों खूब बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। सभी गांव में जय जय श्री राम का उदघोष के स्वर गूंजते रहे। और आयोध्या राम मन्दिर के भजन का गायन होता ही रहेगा। 22 जनवरी तक भंडारे के बाद जय जय श्री राम के नारे का समापन होगा। पूरे गांव में बड़ा हर्ष उल्लास का वातावरण निर्मित हुआ है। हर घर भगवा झंडे लगाए गए हैं। अक्षत वितरण का समापन हनुमान मंदिर पर आरती के साथ सम्पन्न हुआ।

## तीनों शिक्षकों ने सिंगरौली में ली थी ज्वाइनिंग, बाद में राजगढ़ हुआ ट्रांसफर

# फर्जी मार्कशीट से पाई नौकरी, 3 शिक्षकों की नियुक्तियां निरस्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजगढ़

पिछले दिनों फर्जी विकलांगता प्रमाण-पत्र से नियुक्ति पाने वाले शिक्षकों के मामले के बाद अब तीन शिक्षकों द्वारा नियुक्ति के समय डीएड की फर्जी मार्कशीट प्रस्तुत करने का मामला सामने आया है। तीनों शिक्षकों की नियुक्ति सिंगरौली जिले में हुई थी जिन्होंने बाद में राजगढ़ जिले के अलग-अलग स्कूलों में अपना तबादला करवा लिया था। सिंगरौली शिक्षा विभाग ने इन तीनों शिक्षकों की नियुक्तियां निरस्त कर दी हैं। अब शिक्षा विभाग द्वारा तीनों शिक्षकों पर कूटरचित दस्तावेज प्रस्तुत करने के चलते एफआईआर दर्ज करवाने की कार्रवाई की जा रही है।

### क्या है पूरा मामला

साल 2023 में स्कूल शिक्षा विभाग ने प्राथमिक शिक्षकों के पदों पर शिक्षकों की भर्ती की थी। सिंगरौली जिले में भी कई शिक्षकों की नियुक्तियां की गईं। इनमें से 22 शिक्षक ऐसे पाए गए जिन्होंने कनार्टक यूनिवर्सिटी से डीएड की मार्कशीट नियुक्ति के समय अपने दस्तावेजों के साथ जमा करवाई थीं। जब बाद में इन मार्कशीटों का सत्यापन करवाया गया तो वे पूरी तरह फर्जी पाई गईं। ऐसे में अब सभी की नियुक्तियां विभाग ने रद्ध कर दी हैं। जिन तीन शिक्षकों की नियुक्ति निरस्त की गई है उनमें से तीन शिक्षक वर्तमान में राजगढ़ जिले की अलग-अलग शालाओं में पदस्थ हैं। इनमें बोरखेड़ा स्कूल नरसिंहगढ़ में पदस्थ सुनीता चौहान, बनी शाला सारंगपुर के बालचंद नागर एवं कांकरिया खुर्द स्कूल में पदस्थ शिक्षक राहुल सिंह शामिल हैं।




### यूनिवर्सिटी ने लिखा हमने जारी नहीं की मार्कशीट

राजगढ़ शिक्षा विभाग ने इन तीनों की डीएड मार्कशीट के संबंध में कर्नाटक स्टेट ओपन यूनिवर्सिटी में मार्कशीट के सत्यापन के लिए 12.03.2023 को पत्र भेजा। वहां से जवाब मिला कि यूनिवर्सिटी द्वारा उक्त मार्कशीट जारी नहीं की गई हैं। यूनिवर्सिटी से हुए सत्यापन के बाद सिंगरौली जिला शिक्षाधिकारी ने तीनों की नियुक्ति निरस्त कर दी हैं।

### इनका कहना है...

दस्तावेजों में डीएड की फर्जी मार्कशीट प्रस्तुत करने वाले शिक्षकों की नियुक्तियां हमने निरस्त कर दी हैं। एफआईआर के लिए बीईओ द्वारा थाने में आवेदन दिया जा रहा है। पूर्व में भी आवेदन दिया था लेकिन कुछ दस्तावेजों की कमी थी। अब दस्तावेज पूर्ण कर लिए गए हैं।

- **एसबी सिंह,** जिला शिक्षाधिकारी, सिंगरौली

# जनप्रतिनिधियों के साथ जनमन अभियान के संबंध में हुई बैठक



हरिभूमि न्यूज ▶▶ अशोकनगर

प्रधानमंत्री जन मन योजना के तहत जिले में चल रहे सर्वे कार्य के दौरान कोई भी आदिवासी बाहुल्य ग्राम सर्वे से वंछित न रहे। इस हेतु संबंधित अधिकारियों का दायित्व है कि सर्वे कार्य की निरंतर मॉनीटरिंग करते रहे। इस आशय के निर्देश कलेक्टर सुभाष कुमार द्विवेदी ने मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित प्रधानमंत्री जनजाति आदिवासी महान्याय अभियान के तहत बैठक में दिए। उन्होंने कहा कि आदिवासी बाहुल्य क्षेत्रों में नये छात्रावासों के प्रस्ताव शासन को भेजे जाने के निर्देश दिये। साथ ही वन विभाग द्वारा विकसित किय जा रहे वन धन विकास केन्द्र की विस्तृत जानकारी ली एवं महिला बाल विकास विभाग द्वारा नवीन आंगनवाडी केन्द्रों के प्रस्ताव शासन को भेजे जाने निर्देश दिए। कलेक्टर द्वारा जनप्रतिनिधियों को शासन की विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई एवं जनप्रतिनिधियों से अपील की गई की वह सहरिया बस्ती चिन्हित कर शासन की योजनाओं का लाभ दिलाएं।

## जाली नोट मामले में 5 साल का सश्रम कारावास और अर्थदंड



**ब्यावरा**। जाली नोट परीक्षण प्रकोष्ठ बैंक नोट देवास के द्वारा अभिमत देने के बाद जप्तशुदा नोट नकली होने पर अभियुक्त भययू पिता मुंशी खां के विरूद्ध द्वितीय अपर सत्र न्यायाधीश ब्यावरा अशोक शर्मा ने भय्यू खॉ उम्र 40 साल निवासी अर्जुन नगर कॉलोनी आगर जिला आगर मालवा को 5 साल की सजा एवं 50 हजार का अर्थदंड की सजा सुनाई है। मामले की पैरवी अपर लोक अभियोजक ब्यावरा दिनेश साहू ने की। उल्लेखनीय है कि 22 मई 22 को चैहान टेवल्स बस स्टेण्ड ब्यावरा में अभियुक्त की जेब से 500-500 के 26 नोट मिले थे। प्रथम दृष्टया जो नकली दिखाई दे रहे थे। इसी मामले में सिटी थाना ब्यावरा में 489ए, 489सी के तहत मामला पंजीबद्ध किया जाकर जांच शुरू की गई थी।

**शीतलहर से बचाव के लिए एडवाइजरी जारी की**

# शीतलहर की चपेट में जिला दिन में निकली गुनगुनी धूप



**राजगढ़**। बीते करीब एक हफ्ते से संपूर्ण जिला शीतलहर एवं कोहरे की चपेट में है। मंगलवार को भी सूर्यदेवता गुनगुनी धूप लिए कुछ ही समय के लिए नजर आए और फिर बादलों की ओट में छिप गए। मौसम विभाग के अनुसार आगामी दो-तीन दिनों तक मौसम इसी तरह का बना रहेगा वहीं कहीं-कहीं बूंदाबांदी की संभावनाएं भी जताई गई हैं।

इधर, शीतलहर के कारण आमजनों पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े, इसको लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा एडवाइजरी जारी की गई है। मैदानी कर्मचारियों से कहा गया है कि शीतलहर से बचाव के लिए जनसामान्य द्वारा अपनाए जाने वाले उपायों से संबंधित सुझाव चिकित्सालयों में पदर्षित किए जाएं। शीतलहर से ग्रसित व्यक्तियों की चिकित्सा हेतु आवष्यक दवाइयों की उपलब्धता सभी चिकित्सालयों में सुनिष्चित की जाए।

### सभी स्कूलों का समय हुआ नियत

स्कूल शिक्षा विभाग ने सोमवार देर रात्रि आदेश जारी किया है जिसके तहत कोई भी निजी या शासकीय स्कूल प्रातः 10 बजे के पहले न खोला जाए। आदेश के तहत मंगलवार को सभी स्कूल 10 बजे के बाद ही संचालित किए गए।

## सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता संपन्न



**पचोर**। सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें जूनियर वर्ग में 103 प्रतिभागियों एवं सीनियर वर्ग में 151 प्रतिभागियों ने भाग लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों में हमारे जिले से लेकर प्रदेश व देश में राजनैतिक व धार्मिक ज्ञान को बढ़ाना था।

# योग समिति की बैठक विखं शिक्षा विभाग में आयोजित

## योग प्रभारी संतोष विश्वकर्मा ने ग्राम योग समितियों के गठन के बारे में चर्चा की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जीरापुर

विकासखंड योग समिति की बैठक का आयोजन विकास खण्ड शिक्षा विभाग में आयोजित हुई। जिसमें विकास खंड योग प्रभारी संतोष विश्वकर्मा द्वारा ओम के उच्चारण के साथ के समारोह का शुभारंभ किया गया। विकासखंड शिक्षा अधिकारी जगदीश बैरागी द्वारा मां सरस्वती का पूजन किया गया। तत्पश्चात संतोष विश्वकर्मा द्वारा ग्राम योग समितियां के गठन के बारे में चर्चा की गई। जिसमें जीरापुर ब्लॉक के अंतर्गत 10 संकुल के 284 ग्रामों में योग समिति गठित करने का काम चल रहा है। 142 ग्रामों में योग समिति गठित हो चुकी है बाकी ग्रामों में भी शीघ्र गठन हो जाएगी।



बैरागी द्वारा बताया गया कि आने वाले युवा दिवस 12 जनवरी को शासकीय उत्कृष्ट माध्यमिक विद्यालय में ब्लॉक स्तरीय सूर्य नमस्कार का आयोजन किया जाएगा, जिसमें सभी शासकीय, अशासकीय संस्थाएं एवं जन सामान्य आमंत्रित रहेंगे जो प्रोटोकॉल अनुसार किया जाएगा। हम गांव-गांव में जन सामान्य से भी संपर्क करेंगे। हम योग कक्षाएं चलाते हैं योग से बहुत लाभ हैं मेरे यहां जो योग कक्षा में आते हैं उन लोगों को भी योग से बहुत लाभ है सभी सुबह जल्दी उठकर मेरी योग कक्षा में आते हैं। संजय पंवार, कलावती जमींदार, राम रतन गुप्ता सहित अन्य सदस्य उपस्थित रहे। इस अवसर पर 3साल की नन्ही बालिका दृष्टा विश्वकर्मा ने खाने के बाद किया जाने वाला आसन वज्रासन बताया उसने कहा इसके करने से खाना पच जाता है अंत में शांति पाठ के साथ बैठक का समापन किया गया।

## अक्षत वितरण कार्यक्रम संपन्न हुआ

### घर-घर पीले चावल वितरण कर निमंत्रण दिया



हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरसिंहगढ़

श्रीराम जन्मभूमि अयोध्या आए अक्षत वितरण कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ। खंड प्रभारी पुरुषोत्तम दांगी ने बताया कि सभी ग्राम समितियों के विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के ऊर्जावान कार्यकर्ताओं ने बढ़-चढ़कर कर हिस्सा लिया एवं घर-घर जाकर पीले चावल वितरण कर निमंत्रण दिया। साथ में मंदिर का चित्र पत्रक स्टीकर प्रत्येक परिवार को भेंट किया। समाजजनों ने कार्यकर्ताओं का मंगल तिलक के साथ स्वागत किया। तथा समाज से 22 जनवरी को भगवान राम की प्राण प्रतिष्ठा के उपलक्ष में दीपक उत्सव के साथ दीपावली मनाने का आग्रह किया। अक्षत वितरण कार्यक्रम में गनियारी कड़िया चंद्रावत नरसिंहपुर श्यामपुरा खेड़ी धर्माखेड़ी मुड़ला बजरंग कुदाली शाहपुर सभी ग्राम इकाइयों में 1500 परिवारों तक अक्षत वितरण किया गया। सफल आयोजन के लिए खंड प्रभारी पुरुषोत्तम दांगी ने सभी ग्राम समितियों के कार्यकर्ताओं का आभार व्यक्त किया।

## कॉलेज चलो अभियान में शिक्षकों ने छात्र-छात्राओं को दी सीख




**खिलचीपुर**। मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के नवाचार कार्यक्रम के अंतर्गत मंगलवार को शासकीय महाविद्यालय खिलचीपुर के सहायक प्राध्यापकगणों ने कॉलेज चलो अभियान की शुरुआत खिलचीपुर नगर के शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय से प्रारंभ किया। प्राध्यापकगणों ने स्कूल जाकर कक्षा 12वीं में अध्ययन कर रहे छात्रों को बताया कि महाविद्यालय में प्रवेश के लिए पंजीयन कैसे करना है, विषय का चुनाव सावधानी पूर्वक करना है।

शासकीय महाविद्यालय में अध्ययन करने के दौरान छात्रों को क्या-क्या सुविधाएं प्राप्त होगी एवं राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत मुख्य के साथ अपने रुचि का विषय चुनाव करने आदि की जानकारी प्रदान की। साथ ही छात्रों की जिज्ञासाओं को पूरा किया। विद्यालय के छात्रों ने कॉलेज चलो अभियान में जानकारी प्राप्त कर खुशी जाहिर की। कालेज चलो अभियान में पीडी गुप्ता सहायक प्राध्यापक, क्रीड़ाधिकारी सुदीप यादव, सहायक प्राध्यापक प्रिया साहू रमाकांत अठया ग्रंथपाल ने अपनी सहभागिता दी।

## पूजित अक्षत को अयोध्या निमंत्रण के रूप में किया जा रहा वितरित



**खुजनेर**। खुजनेर नगर में अयोध्या से आए पूजित अक्षत अयोध्या निमंत्रण के रूप में और श्रीरामलला मंदिर का चित्र घर-घर पहुंचाने का क्रम चल रहा है। जिसमें राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ, विश्व हिन्दू परिषद,बजरंग दल, के कार्यकर्ताओं सहित नगर के राम भक्त नगर में श्रीराम का जयकारा लगाते हुए घर-घर अक्षत व अन्य सामग्री वितरित कर रहे हैं। घर घर अक्षत बांटकर सभी सनातन धर्म प्रेमियों से आगामी 22 जनवरी को अपने नगर, मोहल्ले के मंदिरों में प्राण प्रतिष्ठा उत्सव मनाने व घर को सजाकर दीपावली मनाने का आग्रह किया जा रहा है तथा 22 जनवरी के बाद सपरिवार अयोध्या जाकर श्रीरामलला के दर्शन करने का आग्रह किया जा रहा है। घर-घर अक्षत देने पहुंच रहे राम भक्तों का नगर के घरों पर मंगल तिलक लगाकर, स्वागत व सत्कार किया जारहा है। 1 जनवरी से प्रारंभ हुआ घर-घर जाकर अक्षत वितरण अभियान 15 जनवरी तक चलेगा। अक्षत वितरण में समस्त रामभक्त मौजूद रहे।

## युवा पीढ़ी को नशे की हालत में देख...

# रामपुरिया बालाजी समिति ने थाने जाकर दिया आवेदन




**छापीहेड़ा**। रामपुरिया बालाजी मंदिर प्रांगण में लगातार कई महीनों से नशा करने वाले लोगों का जमावड़ा देखने को मिल रहा है। जिससे आस्था से सरोकार बजरंग मंदिर पर दर्शन करने के लिए आने वाले श्रद्धालुओं को मुसीबतों का सामना करना पढ़ रहा है। नशेड़ी गंजेड़ी इकट्ठे होकर अशब्दों का प्रयोग करते रहते हैं। जमावड़ा बनकर बैठे रहते हैं तथा गांजा सिगरेट इत्यादि का नशा खुलेआम करते रहते हैं। यह सब देखकर पाटीदार संरक्षण समिति के सदस्यों ने मिलकर छापीहेड़ा थाने पर श्रद्धालुओं की असुविधाओं को देखते मंदिर प्रांगण सुरक्षा के मध्य नजर राम बालाजी मंदिर पुजारी दीपक बैरागी, कैलाश पाटीदार, चैन सिंह पाटीदार, नपा पार्षद घनश्याम पाटीदार, कान्हा पाटीदार, भेरूलाल पाटीदार, पूर्व पार्षद राजू पाटीदार, युवा नेता बंटी पाटीदार, राकेश पाटीदार, शुभम पाटीदार सभी ने मिलकर थाने जाकर सामाजिक तत्वों पर कार्रवाई के लिए आवेदन दिया। ऐसे में लगातार नगर के प्रमुख स्थान बालाजी परिसर पर खुले में नशा करने वाले लोगों को देखा जा सकता है। इससे तो साफ-साफ इस नगर में नशे का कारोबार अत्यधिक फल फूल रहा है पुलिस प्रशासन का ध्यान इस और होना अत्यधिक महत्व पूर्ण है। अगर समय रहते इस और ध्यान ना दिया तो आस्था के साथ साथ आने वाली युवा पीढ़ियों को इसका खामीयाजा उठाना पड़ सकता है।

# संभागीय वॉलीबॉल में भोपाल ने राजगढ़ की टीम को हराया

## बालिका वर्ग में भोपाल विजेता, विदिशा उपविजेता



**राजगढ़**। राजगढ़ मुख्यालय पर चल रही अंतर विद्यालयीन संभागीय शालेय वॉलीबॉल प्रतियोगिता के तहत सोमवार एवं मंगलवार को फाइनल एवं सेमीफाइनल मुकाबले खेले गए। उत्कृष्ट स्कूल परिसर में बालिका वर्ग का फाइनल विदिशा एवं भोपाल की टीम के बीच खेला गया, जिसमें भोपाल की टीम विजेता रही।

इसी तरह मंगलवार को बालक वर्ग का फाइनल करनवास राजगढ़ एवं कमला नेहरू भोपाल के बीच खेला गया। इसमें भोपाल की टीम ने राजगढ़ की टीम को पराजित कर दिया। बालिक एवं बालिका वर्ग से विजेता एवं उपविजेता रही। उक्त चारों टीमें अब राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में शामिल होंगी। जिला क्रीड़ाधिकारी महेंद्र परमार ने बताया कि राज्य स्तरीय प्रतियोगिता भी आगामी दिनों में राजगढ़ में होगी।

**कलेक्टर-एसपी ने किया पुरस्कृत:** मंगलवार को हुए फाइनल मुकाबले के पूर्व कलेक्टर हर्ष दीक्षित एवं एसपी धर्मराज मीना ने दोनों टीमों के खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। फाइनल के रोमांचक मुकाबले के बाद अधिकारियों के हाथों दोनों वर्ग में विजेता एवं उप-विजेता रही टीमों को रनिंग ट्रॉफी एवं प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। इस मौके पर जिला शिक्षाधिकारी देवेंद्र सिंह रघुवंशी, संभागीय क्रीड़ाधिकारी शर्मिला डाबर, पीटीआई रवींद्र सिंह तोमर, प्रेम साहू, फिरोज लोधी, मुकेश पिपलोटिया, योगेश तिवारी, कमलेश भिलाला, दीपक सौंधिया आदि उपस्थित थे।

## फूलमाली समाज ने सावित्रीबाई फुले की जयंती मनाई

# भारत में नारी मुक्ति आंदोलन की पहली नेता और प्रथम शिक्षिका थीं सवित्रीबाई : सुमन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ब्यावरा-मलावर

फूलमाली समाज मलावर द्वारा भारत की प्रथम महिला शिक्षिका माता सावित्रीबाई फुले की 193वीं जयंती धर्मशाला परिसर में 3 जनवरी को मनाई गई। आल इंडिया माली सैनी सभा प्रदेश मीडिया प्रभारी व जिलाध्यक्ष सुरेश सुमन ने बताया की सावित्रीबाई फुले ने अपने पति महात्मा फुले के साथ मिलकर सन 1848 में भारत की प्रथम पाठशाला का महाराष्ट्र के पुणे नगर में शुरुआत की थी। उस समय उन्होंने लगभग महाराष्ट्र राज्य में 18 से अधिक बालिका विद्यालय प्रारम्भ किए। बालक बालिकाओं को शिक्षा देना शुरू किया। माता सावित्री फुले जब स्कूल में पढ़ाने जाती थी तो लोग उनको कहते थे यह कैसे महिलाओं को पढ़ा सकती हैं। लोग उन पर कीचड़ पत्ता गोबर आदि उनके ऊपर फेंक थे। वह अपने साथ झोले में एक साड़ी अलग से रख कर ले जाती थी, जिसको पहनकर बच्चों को पढ़ाकर घर जाती थी। वर्तमान राष्ट्रपति द्रोपती मुर्मू जब राष्ट्रपति पद निर्वाचित हुई थीं तो उन्होंने इसका श्रेय माता सावित्रीबाई फुले दिया। उन्होंने कहा कि फुले दंपति द्वारा महिलाओं को जो शिक्षा का अभियान प्रारंभ किया था आज महिलाएं देश के सर्वोच्च पद राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, डॉक्टर, इंजिनियर, शिक्षक, मजिस्ट्रेट सभी पदों पर सुशोभित हो रही हैं। इसमें प्रमुख योगदान महात्मा ज्योतिबा फुले और माता सावित्रीबाई फुले का रहा जिसको पूरा देश और विश्व हमेशा याद करता रहेगा। उनके जीवन पर प्रकाश डाला व नारी शिक्षा को बढ़ावा देने व उनके पदचिन्हों पर चलने का संकल्प लिया गया।



जगदीश सुमन (शिक्षक) ने समाज के बेटे बेटियों को शिक्षा का संकल्प दिलाया। साथ में फूलमाली समाज अध्यक्ष पद के लिए निर्विरोध दिनेश सुमन, उपाध्यक्ष गोवर्धन सुमन, सचिव सचिन सुमन ,को बनाया जिसमे बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। सभी को फूलमाला से स्वागत वंदन अभिनन्दन कर समाज के वरिष्ठ जानिओ युवा ने बधाई दी।

## श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र से भक्तों को मिल रहा निमंत्रण, घर-घर जाकर दे रहे पीले चावल



**लखनवास**। अयोध्या में 22 जनवरी को भव्य मंदिर में भगवान श्रीरामलला की प्राण-प्रतिष्ठा समारोह को लेकर पूरे देश में उत्साह व श्रद्धा का माहौल देखने को मिल रहा है। विश्व हिंदू परिषद (विहिप) बजरंग दल के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं के अलावा श्रीराम भक्त जगह-जगह जाकर पीले चावल और तस्वीर घर-घर पहुंच रहे हैं लोगों को आमंत्रित कर रहे हैं। लोदीपुरा गांव में पहुंचे आरएसएस के कार्यकर्ता सुरेन्द्र मीना द्वारा दिया गया। सरपंच व गांव वालों को आमंत्रण पत्र मिला है।